# कार्य अध्ययन रिपोर्ट

उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज मंडल के अधीन कार्यरत टेलीफोन आपरेटर संवर्ग के कार्य की समीक्षा

कार्य अध्ययन सं- म.प्र./उ.म.रे./का.अ./सिग. एवं दू.सं./प्रयागराज/26/20-21

## मार्गदर्शन एवं निर्देशन

श्री नवीन कुमार सिन्हा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री मन्नू प्रकाश दूबे
उप महाप्रबंधक/ सामान्य

एवं

सहयोग

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

सम्पादित

अनिल कुमार पटेल
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

9/2

## अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश् | 3 |
| 3. | **अध्याय – प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय –द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5 |
| 5. | **अध्याय –तृतीय**<br>आलोचनात्मक विश्लेषण एवं आवश्यक कर्मचारी संख्या का आकलन | 6 |
| 6. | **अध्याय –चतुर्थ**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 7 |


********

913

# अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | वरि० मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज मंडल के अधीन कार्यरत टेलीफोन आपरेटर संवर्ग के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | टेलीफोन आपरेटर |
| 3. | विभाग | सिगनल एवं दूरसंचार |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2020-21 |
| 5. | प्रारम्भ होने की तिथि | 08.01.2021 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 02.02.2021 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 08 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 01 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 07 |
| 10. | वित्तीय बचत | ₹ 36,62,340/- (छत्तीस लाख बासठ हजार तीन सौ चालिस) |

९।५

## आभार

कार्य अध्ययन दल श्री सौरभ श्रीवास्तव, वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज का गहन आभारी है जिन्होंने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्य अध्ययन दल श्री रतन राउत- एस0एस0ई0/टेली प्रयागराज, श्री राजेश गुप्ता- एस0एस0ई0/टेली /कानपुर, श्री अविनाश शर्मा- एस0एस0ई0/टेली/टूण्डला तथा श्री इकबाल- एस0एस0ई0/टेली/अलीगढ का विशेष आभारी है जिन्होंने इस कार्याध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनाऐं उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

*****

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज, के अधीन कुल टेलीफोन आपरेटर के कुल स्वीकृत पद 11 एवं कुल कार्यरत कर्मचारी 03 तथा रिक्त पदों की संख्या 08 है।

अलीगढ जं0, टूण्डला जं0 एवं कानपुर के दूरभाष केन्द्रों पर टेलीफोन आपरेटरों के पद रिटायर होने के बाद अभ्यर्पित कर दिये गये हैं एवं टेलीफोन आपरेटरों का कार्य समाप्त हो गया है प्रयागराज दूरभाष केन्द्र पर अभी टेलीफोन आपरेटर कार्य कर रहे हैं । अत: मंडल कार्यालय के समस्त कार्यो को ध्यान में रखते हुए कार्याध्ययन दल वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज के अधीन कार्यरत 07 टेलीफोन आपरेटर संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

915

## अध्याय-प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग तथा नई प्रणालियों के समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैनपावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। रेलवे में दूरसंचार विभाग के आधुनिकीकरण एवं नई तकनीक जैसे कि नेक्सट जेनेरेशन नेटवर्क तथा रेलटेल के संचार माध्यमों के सहयोग से कार्य करना काफी सुगम हो गया है। दूरभाष केन्द्रों पर आप्टिकल फाइबर नेटर्वक के कार्य करने के कारण एस0 टी0 डी0 की सुविधा अत्यधिक उपलब्ध है एवं सी0यू0जी0 सिम तथा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के कारण भी दूरसंचार के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन हो रहे हैं।

नई तकनीकों के प्रयोग होने के कारण कम कर्मचारियों से काम कराना संभव हो पा रहा है। अतएव कार्य संर्वधन के साथ-साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज मंडल के अधीन कार्यरत टेलीफोन आपरेटर संवर्ग के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्याध्ययन हेतु चुना गया है। यह कार्यअध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए अनुमोदित कार्याध्ययन सूची से उद्धत है।

वर्णित कार्यअध्ययन वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज मंडल के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

## अध्याय- द्वितीय

## कर्मचारी स्वीकृत संख्या एवं कार्य का विवरण

2.1 कर्मचारी संख्या :-

वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज मंडल के अधीन कार्यरत टेलीफोन आपरेटर संवर्ग के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है:-

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत कर्मचारी संख्या | कार्यरत कर्मचारी संख्या | रिक्त पदों की संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टेलीफोन आपरेटर | 5200-20200 G.P 1900 | 03 | 00 | 03 | |
| 2. | टेलीफोन आपरेटर | 9300-34800 G.P 4200 | 05 | 01 | 04 | |
| 3. | मुख्य टेलीफोन आपरेटर | 9300-34800 G.P 4600 | 03 | 02 | 01 | |
| | | योग | 11 | 03 | 08 | |

2.2 कार्य का विवरण :-

2.2.1 कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज, के अधीन टेलीफोन आपरेटर के कुल स्वीकृत पद 11 एवं कार्यरत कर्मचारी 03 तथा रिक्त पदों की संख्या 08 है। अलीगढ जं0, टूण्डला जं0 एवं कानपुर के दूरभाष केन्द्रों पर टेलीफोन आपरेटरों के पद रिटायर होने के बाद अभ्यर्पित कर दिये गये हैं एवं टेलीफोन आपरेटरों का कार्य समाप्त हो गया है। प्रयागराज दूरभाष केन्द्र पर अभी टेलीफोन आपरेटर कार्य कर रहे हैं । प्रयागराज में प्रयागराज मंडल कार्यालय एवं उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय होने के कारण कार्यरत टेलीफोन आपरेटरों के पदों का अभ्यर्पण तर्क संगत नहीं होगा किन्तु रिक्त पदों के बनाये रखने का भी कोई औचित्य नहीं है

917

## अध्याय-तृतीय

**3.0 आलोचनात्मक विश्लेषण एवं आवश्यक कर्मचारी संख्या का आकलन:-**

3.1.1 वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज, के अधीन टेलीफोन आपरेटर के कुल 11 पद स्वीकृत हैं एवं 03 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 08 पद रिक्त हैं। अलीगढ जं0, टूण्डला जं0 एवं कानपुर के दूरभाष केंन्द्रों पर टेलीफोन आपरेटरों के पद रिटायर होने के बाद अभ्यर्पित कर दिये गये हैं एवं टेलीफोन आपरेटरों का कार्य समाप्त हो गया है। प्रयागराज दूरभाष केन्द्र पर अभी टेलीफोन आपरेटर कार्य कर रहे हैं । प्रयागराज में प्रयागराज मंडल कार्यालय एवं उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय होने के कारण कार्यरत टेलीफोन आपरेटरों के पदों का अभ्यर्पण तर्क संगत नहीं होगा किन्तु रिक्त पदों के बनाये रखने का भी कोई औचित्य नहीं है इसलिये टेलीफोन आपरेटरों के रिक्त 8 पदों में से 07 पदों को अभ्यर्पित किया जा सकता है।

9/8

## अध्याय –चतुर्थ

## वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति

**4.0** **वित्तीय परिणाम :-** इस कार्याअध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होनें वाली बचत के प्रति पद का आकलन निम्नवत किया गया :-

| क्र0सं | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रू0में ) | कुल मासिक मूल्य (रू0में ) | वार्षिक आवर्ती बचत (रू0में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टेलीफोन आपरेटर | (5200-20,200) GP-1900 लेवल-2 | 02 | 26,851.50 | 53703. 00 | 6,44,436.00 |
| | मुख्य टेलीफोन आपरेटर | (9300-34800) G.P 4200 लेवल-6 | 04 | 47,736.00 | 190944.00 | 22,91,328.00 |
| | मुख्य टेलीफोन आपरेटर | (9300-34800) G.P 4600 लेवल-7 | 01 | 60548.00 | 60548.00 | 7,26,576.00 |
| | | | | कुल | | 36,62,340.00 |
| | | | | ( छत्तीस लाख बासठ हजार तीन सौ चालिस ) | | |

4.1 संस्तुति :- वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./उ.म.रे./ प्रयागराज, के अधीन टेलीफोन आपरेटर के कुल 11 पद स्वीकृत हैं तथा 03 कर्मचारी कार्यरत एवं 08 पद रिक्त पडे हैं । अलीगढ जं0, टूण्डला जं0 एवं कानपुर के दूरभाष केन्द्रों पर टेलीफोन आपरेटरों के पद रिटायर होने के बाद अभ्यर्पित कर दिये गये हैं एवं टेलीफोन आपरेटरों का कार्य समाप्त हो गया है प्रयागराज दूरभाष केन्द्र पर अभी टेलीफोन आपरेटर कार्य कर रहे हैं । प्रयागराज में प्रयागराज मंडल कार्यालय एवं उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय होने के कारण कार्यरत टेलीफोन आपरेटरों के पदों का अभ्यर्पण तर्क संगत नहीं होगा अत: समस्त कार्यो को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज मंडल के 07 पद अभ्यर्पित किये जा सकते हैं।

अत: कार्याध्ययन दल वरि0 मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./ उ.म.रे./ प्रयागराज मंडल के अधीन कार्यरत 07 टेलीफोन आपरेटर संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

/////////////////////////////////////////////-----------/////////////////////////////////////